Regarding four laning in Supaul Parliamentary Constituency

श्री दिलेश्वर कामैत **(सुपौल) :** सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल के राघोपुर प्रखंड के अंतर्गत सिमराही बाजार के मध्य होते हुए टू लेन उत्तर से दक्षिण एनएच 106 तथा पूरब से पश्चिम फोर लेन सड़क एनएच 57, वर्तमान एनएच 27 जाती है । उक्त सड़क के सिमराही बाजार चौराहे पर बराबर जाम लगा रहता है तथा दुर्घटनाएं होती रहती हैं । 9 दिसम्बर तथा 16 दिसम्बर, 2024 को मैंने सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया था । ऐसा ज्ञात हुआ है कि टू लेन एनएच 106 पर आरओबी निर्माण का प्रपोजल चल रहा है, जो वास्तव में कामयाब नहीं हो पाएगा । फोर लेन एचएच 27 पर ट्रैफिक काफी रहता है ।

महोदया, फोर लेन एनएच 27 पर एलीवेटेड फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कराने के लिए न तो जमीन अधिग्रहण की आवश्यकता होगी और न ही बाजार डिस्टर्ब होगा । आज ही माननीय केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से मिलने पर उन्होंने एनएच 27 पर एलीवेटेड फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने की स्वीकृति देने का आश्वासन दिया तथा डीपीआर कार्य एवार्ड भी कर दिया गया है । इसके लिए सुपौल की जनता की ओर से मैं उनके प्रति आभार प्रकट करता हूं तथा पुन: आग्रह करता हूं कि जल्द ही फोर लेन एनएच 27 पर एलीवेटेड फ्लाई ओवर ब्रि ज का निर्माण कार्य जनहित में जल्द कराया जाए। इससे वहां जाम की समस्या का समाधान होगा ।